Title: Need to declare jalgaon railway station as a Model Railway Station in Maharashtra and provide adequate facilities there -Laid.

श्री वाई.जी. महाजन (जलगांव): महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र-शहर जलगांव महाराट्र के प्रमुख औद्योगिक शहरों में से है। मध्य रेलवे के मुम्बई-नागपुर खण्ड पर स्थित जलगांव स्टेशन से सूरत के लिये सीधी रेल लाईन जाती है।

विश्व प्रसिद्ध अजंता गुफायें जलगांव से सिर्फ 50 कि0मी0 की दूरी पर है, जहां पर देश विदेश से पर्यटक भारी संख्या में जलगांव आते हैं। मगर जलगांव रेल स्टेशन पर यात्री सुविधाओं की काफी कमी है।

इस क्षेत्र के विकास के लिये जलगांव रेल स्टेशन पर और अधिक सुविधा मुहैया कराने की आवश्यकता है।

अतः मेरा अनुरोध है कि जलगांव रेल स्टेशन का जीर्णोद्धार किया जाये तथा जलगांव रेल स्टेशन को मॉडल स्टेशन का दर्जा बहाल किया जाये।